संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार स्वतंत्र प्रेमात्र –पृष्ठ ..5...दिनांक.1-2-21.........2021

# सफाई संबंधी शिकायत दर्ज कराने हेतु नागरिक स्वच्छता एप का उपयोग करें

रतलाम। रतलाम नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर 1 बनाने हेतु कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री गोपालचन्द्र डाड, निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वच्छ भारत मिशन के तहत सफाई संबंधी शिकायत दर्ज कराने के लिये भारत सरकार द्वारा तैयार किये गये स्वच्छता एप की जानकारी निगमकर्मियों व नगर निगम की सहयोगी संस्था आस्था के सदस्यों ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में नागरिकों को दी। स्वच्छ भारत मिशन के तहत किये जा रहे स्वच्छता सर्वेक्षण-2021 में रतलाम नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर 1 बनाने के लिये रतलाम नगर के नागरिक सफाई संबंधी शिकायत स्वच्छता एप दर्ज कराने के लिये अपने एन्ड्रोयड मोबाईल पर गूगल प्ले स्टोर में जाकर स्वच्छता एप टाईप करें, उसके पश्चात एप को ईन्सटाल करें। इन्सटाल करने के बाद एप्लीकेशन ओपन करके अपना मोबाईल नम्बर रजिस्टर्ड करें। इसके बाद अपना जीपीएस ऑन करें इसके बाद आपकी सफाई संबंधी शिकायत का फोटो लेकर अपलोड करें। अपलोड की गई शिकायत नगर निगम के पास आयेगी और उसका तत्काल निराकरण किया जायेगा।

# 81 दिनों में ठीक किए 119 वॉल्व व 556 पाइप लीकेज

रतलाम। शहर की जलप्रदाय व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए पाइप लाइन व वॉल्व लीकेज ठीक करने का कार्य जलप्रदाय विभाग द्वारा किया जा रहा है। इसके तहत 81 दिनों में 119 वॉल्व व 556 पाइप लाइन लीकेजों को ठीक किया जा चुका है। रतलाम जलशक्ति अभियान वाट्सएप ग्रुप में लीकेज की समस्या को अपलोड कर तत्काल निराकरण करवाया जा रहा है। सोमवार को आबकारी चौराहा पर पोलोग्राउंड टंकी भरने वाली लाइन, मौलाना आजाद नगर, जवाहर नगर ई एक्स कॉलोनी, गांधी नगर जायसवाल की दुकान के सामने, सुभाष नगर व कस्तूरबा नगर मुख्य मार्ग पंकज ब्रदर्स के सामने पाइप लाइन लीकेज ठीक करवाने के साथ ही नित्यानंद मार्केट के सामने वॉल्व ठीक करवाया गया।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– दै. भास्कर –पृष्ठ ..15.. दिनांक..12-1.......2021

**मनमानी का मास्टर प्लान** • जिले के तीनों ही विधायक राजी नहीं, कहा–परफेक्ट प्लान बनाकर लाएं

# सरकारी एजेंसियों की योजनाएं शामिल ही नहीं, अधूरे सर्वे से बना मास्टर प्लान खारिज

## अब उद्योग, रेलवे, निगम, आरडीएम, हाउसिंग बोर्ड प्लान में शामिल होगा

भास्कर संवाददाता | रतलाम

12-1-2021

शहर विकास के लिए बनने वाले मास्टर प्लान 2035 में भी नगर तथा ग्राम निवेश विभाग के अधिकारी मनमानी करने से बाज नहीं आए। जीआईएस मैपिंग से मिले आधे-अधूरे आंकड़ों और नक्शों को विधायकों के सामने पेश कर दिया है। यह देख शहर विधायक चेतन्य काश्यप, जावरा विधायक डॉ. राजेंद्र पांडे और ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना नाराज हो गए। सख्त आपत्ति लेकर तीनों ने प्रजेंटेशन को तत्काल खारिज कर दिया। विधायकों का कहना था सर्वे की पूरी रिपोर्ट लेकर आओ। लैंड यूज का सही रिकॉर्ड, चल रहे और होने वाले विकास कार्यों को शामिल करके खयाली की जगह परफेक्ट मास्टर प्लान बनाएं।

मौका सोमवार को नगर तथा ग्राम निवेश विभाग द्वारा रतलाम विकास योजना प्रारूप 2035 को अंतिम रूप देने के लिए कलेक्टोरेट में हुई बैठक का था। टीएंडसीपी के प्रजेंटेशन की गलतियों को देखते हुए कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने टीएंडसीपी से विभागों से समन्वय और जनप्रतिनिधियों से सुझाव लेने के बाद रतलाम विकास योजना का प्रारूप बनाने को कहा। विधायक काश्यप ने शहर और शहर के बाहर के हिस्सों में भूमि के उपयोग, सड़कों, बायपास, उद्यानों की स्थापना, आवासीय तथा व्यावसायिक भूमि उपयोग आदि बिंदुओं को शामिल करने का सुझाव भी दिया।

### इस कारण विधायकों ने खारिज किया प्रजेंटेशन

- हैदराबाद के टेक्निशियनों से कराए लैंड यूज के जीआईएस मैपिंग में आंकड़े अधूरे थे, सर्वे रिपोर्ट भी पूरी नहीं रखी गई थी।
- प्रारूप तैयार करने से पहले नगर निगम, हाउसिंग बोर्ड, आरडीए को शामिल ही नहीं किया गया था।
- विभागीय अधिकारी और जनप्रतिनिधियों से बात करे बिना ही प्रारूप प्रस्तावित कर दिया था।

### अब ऐसे तैयार होगा मास्टर प्लान

- टीएंडसीपी रेलवे, उद्योग विभाग, नगर निगम, रतलाम विकास प्राधिकरण, हाउसिंग बोर्ड सहित अन्य विभागों से बात कर लैंड यूज सहित अन्य जानकारी जुटाएगा।
- विकास कार्यों और जो योजनाएं मंजूर होकर आगामी माह में चालू होना है, उन्हें भी शामिल किया जाएगा।
- प्रस्तावित प्लान पर पहले विधायकों, विभागीय अफसरों से चर्चा कर उनकी राय और सुझाव लिए जाएंगे।
- अंतिम रूप से तैयार प्लान कलेक्टर देखेंगे, उसके बाद अंतिम मंजूरी के लिए जिले से स्वीकृति कर राजधानी मुख्यालय को भेजा जाएगा।

*जीआईएस मैपिंग के आधार पर प्रजेंटेशन बना था। 2021 के प्लान में भी अल्कोहल प्लांट की भूमि को पार्किंग की बता दी गई थी। इस तरह की कई तथ्यात्मक त्रुटियां थीं, विकास की योजनाओं को शामिल नहीं किया गया था।*

**चेतन्य काश्यप**, विधायक

*अधिकारियों को जिस गंभीरता से मास्टर प्लान बनाना था, वह प्रजेंटेशन में दिखाई नहीं दिया। मैपिंग के नक्शे और आंकड़े भी अस्त-व्यस्त थे। जनप्रतिनिधियों और विकास एजेंसियों से समन्वय कर बेहतर मास्टर प्लान बनाया जा सकता है।*

**डॉ. राजेंद्र पांडेय**, जावरा विधायक

*शहरी और ग्रामीण विकास सरकार की प्राथमिकता है, लेकिन अधिकारी सिर्फ खानापूर्ति कर रहे हैं। वास्तविक स्थिति और आंकड़ों को शामिल करते हुए मास्टर प्लान बनना चाहिए इसलिए हमने उसे खारिज करते हुए नया बनाने को कहा है।*

**दिलीप मकवाना**, रतलाम ग्रामीण विधायक

**कलेक्टर बोले सुझावों के आधार पर अंतिम रूप दिया जाएगा**

# रतलाम विकास योजना प्रारूप 2035 पर विधायक नाराज, बोले नहीं लिए सुझाव

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com 12-1-2021

**रतलाम.** नगर तथा ग्राम निवेश विभाग द्वारा रतलाम विकास योजना प्रारूप 2035 को अंतिम रूप देने के लिए सोमवार को बैठक आयोजित की गई। इसमें निर्णय लिया गया कि रतलाम शहर के सुनियोजित ढंग से विकास के संदर्भ में प्रारूप 2035 परफेक्ट तरीके से तैयार किया जाएगा। जनप्रतिनिधियों के सुझाव तथा संबंधित विभागों के समन्वय से विभिन्न बिंदुओं पर समुचित निर्णय लिए जाकर रतलाम विकास योजना प्रारूप 2035 तैयार किया जाएगा, उसके बाद शासन को प्रेषित करेंगे।

बैठक की शुरुआत में नगर एवं ग्राम निवेश विभाग द्वारा रतलाम विकास योजना प्रारूप 2035 का प्रजेंटेशन दिया गया। प्रारूप विभिन्न बिंदुओं में व्यापक विसंगतियों के दृष्टिगत जनप्रतिनिधियों द्वारा सिरे से खारिज कर दिया गया। विधायकगणों द्वारा इस बात पर सख्त आपत्ति ली गई कि प्रारूप 2035 तैयार करने में जनप्रतिनिधियों से कोई सुझाव प्राप्त नहीं किए गए, उन्हें कोई जानकारी भी उपलब्ध नहीं कराई गई। जनप्रतिनिधियों का कहना था कि प्रारूप तैयार करने में विभिन्न संशोधनों, भूमि उपयोग, विभिन्न स्थापना आदि बिंदुओं पर जनप्रतिनिधियों को जानकारी नहीं दी गई, उनसे सुझाव नहीं लिए गए हैं। इसके साथ ही संबंधित विभागों के अधिकारियों से समन्वय स्थापित करके आवश्यक बिंदुओं का समावेश किया जाना होगा।

**ठोस ढंग से प्रारूप तैयार करें-** कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने नगर तथा ग्राम निवेश के अधिकारी को निर्देश दिए कि रेलवे से लेकर उद्योग, नगर निगम, रतलाम विकास प्राधिकरण, हाउसिंग बोर्ड आदि विभागों के अधिकारियों से चर्चा की जाए। उनके मत तथा शहर हित में सुझाव लेकर ठोस ढंग से प्रारूप 2035 तैयार किया जाए।

**सबके हित में मास्टर प्लान हो तैयार-** प्रारूप 2035 के संदर्भ में शहर विधायक काश्यप ने बैठक में कई सुझाव प्रस्तुत किए। रतलाम शहर के हित में सुनियोजित ढंग से मास्टर प्लान तैयार की जाने के लिए काश्यप द्वारा विस्तृत चर्चा की गई। शहर तथा शहर के बाहर के हिस्सों में भूमि के उपयोग, सड़कों, बाईपास, उद्यानों की स्थापना, आवासीय तथा व्यवसायिक भूमि उपयोग आदि बिंदुओं पर महत्वपूर्ण सुझाव उनके द्वारा दिए गए। जावरा विधायक राजेंद्र पांडे, रतलाम ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना, पुलिस अधीक्षक श्री गौरव तिवारी, अपर कलेक्टर जमुना भिड़े, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, एसडीएम अभिषेक गहलोत, नगर एवं ग्राम निवेश के संयुक्त संचालक उज्जैन तथा ग्राम निवेश जी.एल. वर्मा तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

पत्रिका
12-1-2021

# 16 से टीकाकरण की तैयारी शुरू, 14 नए पॉजिटिव मिले

12-1-2021



रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में कोरोना के मरीज लगातार मिल रहे हैं। सोमवार को 255 रिपोर्ट में 14 नए पॉजिटिव मिले, एक्टिव मरीजों संख्या 152 है। जिले मे संक्रमितों का आंकड़ा 4210 पर पहुंच गया है। अभी तक 3939 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं, जबकि 79 की मौत हो गई है। जनवरी के 11 दिन में 128 नए मरीज मिले, 226 स्वस्थ हुए और एक मौत हुई। जिले में 16 जनवरी से कोरोना वैक्सीन का टीका लगाया जाएगा। टीकाकरण को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। पहले चरण में 8173 स्वास्थ्य कर्मियों को टीके लगाए जाएंगे। कोरोना वैक्सीन को जिले के हर हिस्से तक पहुंचाने के लिए पूरी प्लानिंग कर ली गई है। इसके लिए जिले में 21 केंद्र बनाए गए हैं। 110 वैक्सीनेटरों की ड्यूटी लगाकर 22 स्थानों पर टीकों के रखने की व्यवस्था की गई है। टीकाकरण के लिए मेडिकल कॉलेज, बाल चिकित्सालय, रेलवे अस्पताल के बिलपांक, नामली, धामनोद, जावरा, आलोट, खाचरौद, ताल, पिपलौदा, सुखेड़ा, बाजना, रावटी, सैलाना, सरवन शिवगढ़ सहित अन्य सरकारी अस्पतालों को केंद्र बनाया गया है। 16 से 24 जनवरी तक टीके लगाए जाएंगे। निगरानी के लिए प्रशासनिक टीमें बनेंगी। डॉक्टर, आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, एमपीडब्ल्यू, आंगनवाड़ी सहायिका, एएनएम सहित सभी स्वास्थ्यकर्मियों को पहले चरण में टीम लगेगा। इसमे प्राइवेट अस्पतालों के स्वास्थ्यकर्मी भी शामिल रहेंगे।

# 11 दिन में 128 पॉजिटिव, दिसंबर की तुलना में आधे, वजह सैम्पलिंग में कमी

**अभी मास्क ही वैक्सीन है**

## सोमवार को मिले 14 नए पॉजिटिव, रिकवरी रेट भी 95% के करीब पहुंचा

भास्कर संवाददाता | रतलाम

12-1-2021

जिले में कोरोना की रफ्तार पर ब्रेक लगा है। 11 दिन में 128 पॉजिटिव सामने आए हैं, जबकि दिसंबर महीने के शुरुआती 11 दिनों में 325 मरीज सामने आ गए थे।

यह अंतर इसलिए दिख रहा है क्योंकि मेडिकल कॉलेज में कम जांच हो पा रही है। किट नहीं होने के कारण 5 दिन तक जांच ही नहीं हो सकी थी। अब कॉलेज में जांच होना शुरू हो गई है, इसी के साथ पॉजिटिव भी मिलने लगे है। सोमवार को 14 संक्रमित सामने आए।

### अप्रैल के बाद रिकवरी रेट 95 प्रतिशत के करीब

रिकवरी रेट भी 95 प्रतिशत के आसपास बना हुआ है। सोमवार को रेट 94.51% रहा। कोरोना काल के शुरुआती दिनों में ऐसा रेट रहा था। हालांकि, अब संक्रमित की संख्या बढ़ रही है, ऐसे में रेट कम होगा।

**वृद्धाश्रम की महिला भी पॉजिटिव** - सोमवार को जिले में 14 पॉजिटिव मिले। संक्रमितों में दो बत्ती क्षेत्र की दो महिला, त्रिपोलिया गेट की युवती, अलकापुरी के पुरुष, वृद्धाश्रम की महिला, काटजू नगर के युवक, शास्त्री नगर की महिला, स्टेशन रोड के पुरुष, मुखर्जी नगर के पुरुष, बिजलावास की महिला, जावरा की आदित्य नगर कॉलोनी की महिला, ग्राम शिवपुर के पुरुष, ग्राम रेनमऊ के पुरुष शामिल हैं।

# बर्ड फ्लू : भोपाल भेजे सैंपल, 5 और पक्षी मरे

भास्कर संवाददाता | रतलाम

12-1-2021

जिले में पक्षियों के मरने का सिलसिला नहीं थम रहा है। सोमवार को 5 पक्षियों की मौत हो गई। इधर, 10 से ज्यादा सैंपल जांच के लिए भोपाल भी भेजे हैं। सोमवार को ताल व जावरा क्षेत्र में पक्षियों की मौत के मामले सामने आए हैं। पशु चिकित्सा विभाग के उपसंचालक डॉ. डीके जैन ने बताया अलग-अलग पोल्ट्री फॉर्म से सैंपल लिए गए थे। 10 से ज्यादा सैंपल को जांच के लिए भोपाल भेजा गया है।

**मलवासा | हतनारा में कौआ मृत मिला :** गांव हतनारा में रिंगनिया रोड पर एक कौआ मृत मिला।

दै. भास्कर 12-1-2021

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार राज एक्सप्रेस पृष्ठ 9 दिनांक 12-1-2021

# शहर में गंदगी फैलाने पर 12 व्यक्तियों पर जुर्माना

## नगर निगम प्रशासन ने की कार्रवाई

**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क**
12-1-2021

नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरो से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नहीं डालते हुए यहां-वहां डालकर नगर को गंदा करते है ऐसे दुकानदार एवं नागरिकों को लगाम लगाने हेतु निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर घर व दुकानों पर जाकर गठित दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है।

नगर के ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर नगर को गंदा कर रहे है ऐसे व्यक्तियों पर लगाम लगाने हेतु नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सत्त निगरानी रखी जा रही है इस हेतु पुलिस कन्ट्रोल रूम पर 3 पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार बादशाह स्टील, छावनीवाला, रमेश माणक चौक, राजू भुट्टा बाजार, जैन रेस्टोरेंट चौमुखी पुल पर 500-500, कन्हैया स्वीट्स चौमुखी पुल पर 300, महावीर स्वीट्स चौमुखी पुल, मूणत, मंगलम् स्टोर, गणेश स्टोर, माँ वैष्णवी माणक चौक पर 250-250 व ज्ञान सिंह महू रोड बस स्टैण्ड पर 50 रूपये का स्पॉट फाईन किया गया।

# गंदगी फैलाने पर 12 व्यक्तियों पर जुर्माना

## गंदगी फैलाने वालों पर सीसीटीवी से रखी जा रही है निगरानी

**स्वतंत्र एलान प्रतिनिधि**

रतलाम । नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरो से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नहीं डालते हुए यहां-वहां डालकर नगर को गंदा करते है ऐसे दुकानदार एवं नागरिकों को लगाम लगाने हेतु निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर घर व दुकानों पर जाकर गठित दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। नगर के ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर नगर को गंदा कर रहे है ऐसे व्यक्तियों पर लगाम लगाने हेतु नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सत्त निगरानी रखी जा रही है इस हेतु पुलिस कन्ट्रोल रूम पर 3 पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई।

निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार बादशाह स्टील, छावनीवाला, रमेश माणक चौक, राजू भुट्टा बाजार, जैन रेस्टोरेंट चौमुखी पुल पर 500-500, कन्हैया स्वीट्स चौमुखी पुल पर 300, महावीर स्वीट्स चौमुखी पुल, मूणत, मंगलम् स्टोर, गणेश स्टोर, माँ वैष्णवी माणक चौक पर 250-250 व ज्ञान सिंह महू रोड बस स्टैण्ड पर 50 रूपये का स्पॉट फाईन किया गया।

जुर्माने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी श्री किरण चौहान व श्री पर्वत हाड़े, उप स्वच्छता निरीक्षक श्री विनय चौहान आदि के द्वारा की गई। गंदगी व मलबा फैलाने, अतिक्रमण करने पर संबंधितों के विरूद्ध जुर्माना किये जाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

स्वतंत्र एलान
12-1-2021

# हठ योग: जब तक सफाई नहीं, तब तक होगी परिक्रमा

पत्रिका 1-2-21



रतलाम. अब तक आपने कई प्रकार के हठ योग देखे होंगे, लेकिन यह थोड़ा अलग है। शहर के करीब 300 से अधिक वर्ष पूर्व के अमृत सागर तालाब की दशा व दिशा को बदलने का संकल्प लेकर कार्तिक अखाड़े के पहलवानों ने तालाब की प्रतिदिन तीन परिक्रमा करने की शुरुआत सोमवार से की है।

शहर में बने पुराने अमृत सागर तालाब जिसमें कई वर्षों से जलकुंभी पनप रही है, उसको साफ करने के लिए नगर निगम ने कई बार अनेक प्रकार की योजनाएं बनाई गई है। हैदराबाद की एक कंपनी से सफाई के लिए योजना बनी, लेकिन वो भी अब तक अधर में है। इसलिए ही अब शहर के प्राचिन अखाड़े के संचालक मैदान में हठ योग लेकर उतरे है।

रहवासी सत्यनारायण शर्मा याने की सत्तू पहलवान कार्तिक अखाड़े के मुखिया हैं। सोमवार से सुबह उठकर अमृत सागर तालाब की रोज तीन परिक्रमा लगाने का प्रण लिया और परिक्रमा की शुरुआत कर दी। शर्मा का कहना है इस तालाब की जब तक सफाई ना हो और तालाब के बीच एक 151 फीट शिव जी की मूर्ति स्थापित ना हो जब तक यह परीक्रमा प्रतिदिन सुबह 7 बजे कार्तिक अखाड़े से शुरू हो रही है।

# आम सहभागिता से पूरा होगा स्वच्छता का सपना

## स्वच्छता सर्वेक्षण-2021 के तहत नागरिक जागरुकता कार्यक्रमों में ले रहे है बढ़चढ़ कर हिस्सा

स्वतंत्र एलान प्रतिनिधि

रतलाम । राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने एक बार कहा था, स्वच्छता आजादी से महत्वपूर्ण है। इस बात से स्वच्छता के महत्व को समझा जा सकता है। स्वच्छता का स्वास्थ्य से घनिष्ठ संबंध है। आरोग्य को नष्ट करने के जितने भी कारण हैं, उनमें गंदगी प्रमुख है। बीमारियां गंदगी में ही पलती हैं। जहां कूड़े-कचरे के ढेर जमा रहते हैं, मल-मूत्र सड़ता है, नालियों में कीचड़ भरी रहती है, सीलन और सडन बनी रहती है। मक्खियां एवं मच्छरों की वजह से तमाम बीमारियां बढ़ती हैं। उन्हें मारने की दवाएं छिडकना तब तक बेकार है, जब तक गंदगी को हटाया न जाए। शहर में समाज के जागरूक लोग आगे आएं और अपने आसपास रहने वालों को बताए कि उनके द्वारा की गई गंदगी किस तरह से पूरे गांव को प्रभावित करती है। व्यक्तिगत स्वच्छता से 80 फीसदी बीमारियों को दूर किया जा सकता है। रविवार को शहर के रोटरी गार्डन में स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के तहत स्वच्छता अभियान समिति अध्यक्ष श्री अनोखीलाल कटारिया ने अनेक गणमान्य नागरिकों को स्वच्छता का संकल्प दिलाया है।

स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2021 के अंतर्गत निगमायुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा लगातार शहर के सभी क्षेत्रों को स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान नगर निगम द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत शहर में विशेष साफ-सफाई अभियान बड़े पैमाने पर चलाया जा रहा है। इसके साथ-साथ ही कचरा मुक्त स्थानों पर आकर्षक रांगोली और दीपदान के माध्यम से सफाई मित्र समूह के माध्यम से लोगों को जागरुक किया जा रहा है। रतलाम शहर के सैकड़ों स्थानों पर खुले में कचरा डालने वालों को रोकने के लिए नगर निगम की और से अनोखा प्रयोग किया और सैकड़ों स्थान कचरा मुक्त हुए और इन पर रांगोली के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है। इसके साथ ही उन सार्वजनिक स्थानों, बागीचों, खेल मैदानों आदि स्थानों पर भी स्वच्छता का संदेश दिया जाकर स्वच्छता की दौड़ में रतलाम को नम्बर-1 बनाने का आव्हान लोगों से किया जा रहा है।

नगर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देश व स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अपने कूड़ा केवल डोर टू डोर कूड़ा ढोने वाले वाहनों में ही डाले। खुले में कचरा डालने वालों पर नगर निगम द्वारा जुर्माने की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार अब शहर के सार्वजनिक स्थलों पर लोगों से शहर को साफ और सुंदर बनाए रखने की अपील की जा रही है। इस दौरान रविवार तो को सफाई मित्र समूह की टीम ने आधा दर्जन स्थानों पर स्थित कचरा मुक्त स्थानों के साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर पर रांगोली बना कर इन क्षेत्रों के रहवासियों को स्वच्छता की शपथ दिला कर दीप दान किया गया है। इस दौरान कोविड-19 महामारी के बढ़ते प्रकोप के देखते हुए लोगों से आव्हान किया गया कि जब तक कोरोना का कारगर उपचार उपलब्ध नही हो पाता है. ऐसे में हमे मास्क का उपयोग, दो गज की दूरी और हाथों को सेनेटाईज कर अपने जीवन को बचाना चाहिए।



संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार नई दुनिया –पृष्ठ 12...दिनांक...12-1......2021

# सीएम सिटीजन केयर से मिलेंगे प्रमाणपत्र

12-1-2021

भोपाल (नईदुनिया स्टेट ब्यूरो)। शिवराज सरकार प्रदेश में अब सीएम सिटीजन केयर के माध्यम से नागरिक सेवाएं उपलब्ध कराएगी। इसकी शुरुआत मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा जनवरी के अंतिम सप्ताह से लोक सेवाओं के प्रदाय की गारंटी कानून को दस साल पूरे होने पर की जाएगी। इसके तहत किसानों को खसरा, खतौनी, नक्शा सहित अन्य प्रमाणपत्र सीएम हेल्प लाइन के माध्यम से उपलब्ध



कराए जाएंगे। अभी तक सीएम हेल्प लाइन के माध्यम से शिकायतों का निराकरण किया जाता रहा है।

लोक सेवा प्रबंधन विभाग के प्रमुख सचिव मनीष रस्तोगी ने सभी कमिश्नर और कलेक्टरों को पत्र जारी करके कहा है कि मुख्यमंत्री इसी माह के अंतिम सप्ताह में सुशासन के क्षेत्र में अच्छा काम करने वाली संस्थाओं और व्यक्तियों का सम्मान करेंगे। साथ ही नवाचारों का शुभारंभ भी किया जाएगा। राज्य और जिला स्तर पर कार्यक्रम होंगे। मुख्यमंत्री सीएम सिटीजन केयर के अंतर्गत राजस्व विभाग के तहत खसरा, खतौनी, नक्शा आदि दस्तावेजों की प्रतिलिपि उपलब्ध कराने की शुरुआत करेंगे। इसके तहत सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से अब सेवाएं भी दी जाएंगी। अभी तक यह शिकायतों पर कार्रवाई का माध्यम थी।

# सम्मान अभियान में जागरूकता के लिए लगाए बैनर-पोस्टर

12-1-2021

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। भोपाल में प्रदेश स्तरीय महिला जन जागरूकता अभियान सम्मान का मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा शुभारंभ करने के साथ ही जिले में भी विभाग ने अभियान प्रारंभ कर दिया है। पहले दिन विभिन्न स्थानों पर जन जागरूकता से संबंधित बैनर-पोस्टर व ऑटो, टेक्सी आदि वाहनों में स्टीकर लगाए गए। हनुमान ताल परिसर में नागरिकों को अभियान के संबंध में जानकारी दी गई।

एसपी गौरव तिवारी के अनुसार 15 दिवसीय अभियान का उद्देश्य महिलाओं व बच्चों को सुरक्षा के लिए जागरूक करना, आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों को सचेत कर हतोत्साहित करना, महिला एवं बच्चों की सुरक्षा में समाज की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। जागरूकता के लिए सार्वजनिक उत्पीड़न, पीछा करना, मानव तस्करी, महिला सुरक्षा आदि विषयों पर रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, भीड़भाड़ वाले बाजारों, स्कूल, कॉलेज कोचिंग क्लासेस, रहवासी कॉलोनियों, झुग्गी बस्तियों, प्रमुख चौराहे पर पोस्टर लगाए जाएंगे। सोशल मीडिया पर कम्प्यूटर ग्राफिक्स के माध्यम से जागरूकता का कार्य किया जाएगा। जिले में चयनित असली हीरो का गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में परेड के बाद पुरस्कृत किया जाएगा। वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पहले दिन 21 स्थानों पर 1300 से अधिक लोगों को अभियान की जानकारी दी गई। जागरूकता के लिए आगामी दिनों में जिलास्तर पर क्विज, पोस्टर व पेंटिंग प्रतियोगिता भी रखी जाएगी।

# 13 बगीचों के बनाए कम्पोस्ट पिट, तैयार कर रहे हैं खाद

भास्कर संवाददाता | रतलाम

12-1-2021



अमृत सागर तालाब के पास वाले बगीचे में तैयार होती खाद।

मार्च में होने वाले स्वच्छ सर्वेक्षण में अच्छी रैंकिंग पाने के लिए नगर निगम ने शहर के 13 बगीचों में कम्पोस्ट पिट लगाकर खाद तैयार करना शुरू कर दिया है। इसमें बगीचे से ही निकलने वाले फूल-पत्तियों सहित आसपास के इलाकों से निकलने वाले कचरे का इस्तेमाल किया जा रहा है। आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया ऐसे बगीचे जिनमें कम्पोस्ट पिट नहीं है। वहां नए बनवाए जा रहे हैं। इ

**इन बगीचों में बन रही खाद** – कालिका माता उद्यान, रोटरी गार्डन, अमृत सागर उद्यान, काटजू नगर उद्यान, गुलाब चक्कर, शास्त्रीनगर बाल उद्यान, गांधी उद्यान, जैन कालोनी, शास्त्रीनगर, मानस भव, शांति निकेतन, टीचर कालोनी, कल्याण नगर, कस्तुरबा नगर, कोमल नगर, अलकापुरी गणेश चौक व रत्नपुरी बगीचा।

इधर सोमवार को स्वास्थ्य अमले ने शहर में 13 व्यक्तियों पर स्पॉट फाइन लगाया।

# उद्यान से निकले कचरे से बनेगी खाद

पत्रिका

**रतलाम.** नगर निगम शहर के उद्यान से निकलने वाले कचरे से खाद बनाएगा। इसके लिए 13 उद्यान में कम्पोस्ट पिट बनाने का कार्य किया जा रहा है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 की पूर्व तैयारियों के अंतर्गत नगर निगम उन उद्यान में जहां कम्पोस्ट पिट नहीं है वहां उनका निर्माण करेगा। कालिका माता उद्यान, गुलाब चक्कर, कटजू नगर सहित विभिन्न उद्यान में इसका निर्माण किया जा रहा है।

पत्रिका 12-1-2021

# सफाई कर्मचारियों को बताए कचरा निष्पादन के तरीके

नई दुनिया 12-1-2021

**रतलाम।** जिला अस्पताल में कायाकल्प के दूसरे चरण के असेसमेंट की तैयारी तेजी से चल रही है। भवन की रंगाई–पुताई के साथ नर्सों एवं सफाई कर्मचारियों को ट्रेनिंग दी जा रही है। सोमवार सुबह जिला अस्पताल परिसर में आरएमओ डॉ. योगेश नीखरा ने ठेका सफाई कर्मचारियों की क्लास ली, इनके साथ कायाकल्प के प्रशिक्षित कर्मचारी और ठेका कर्मचारियों के सुपरवाईजर भी मौजूद रहे।

नई दुनिया 12-1-2021

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–नई दुनिया–पृष्ठ 17 दिनांक 12-1 2021

# 2035 के मास्टर प्लान का प्रारूप खारिज, नए सिरे से बनेगा

## रतलाम विकास योजना 2035 ● बैठक में दिया था प्रजेंटेशन, विधायकों ने कई बिंदुओं पर आपत्ति ली, जनप्रतिनिधियों से नहीं लिए सुझाव

12-1-2021

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। रतलाम विकास योजना प्रारूप 2035 को जनप्रतिनिधियों ने सोमवार को हुई बैठक में खारिज कर दिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि जनप्रतिनिधियों के सुझाव तथा संबंधित विभागों के समन्वय से योजना का प्रारूप तैयार करने के बाद शासन को भेजा जाएगा।

बैठक के प्रारंभ में विकास योजना प्रारूप 2035 का प्रजेंटेशन दिया गया। प्रारूप के विभिन्न बिंदुओं में विसंगतियों को लेकर विधायकों द्वारा इस बात पर सख्त आपत्ति ली गई कि प्रारूप तैयार करने में विभिन्न संशोधनों, भूमि उपयोग, विभिन्न स्थापना आदि बिंदुओं पर जनप्रतिनिधियों को जानकारी नहीं दी गई, उनसे सुझाव नहीं लिए गए।

बैठक में शहर विधायक चेतन्य काश्यप, जावरा विधायक राजेंद्र पांडे, रतलाम ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना, कलेक्टर गोपालचंद्र डाड, एसपी गौरव तिवारी, अपर कलेक्टर जमुना भिड़े, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, एसडीएम शहर अभिषेक गहलोत, नगर एवं ग्राम निवेश के संयुक्त संचालक उज्जैन, सहायक संचालक जीएल वर्मा तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**क्षेत्रफल नहीं बढ़ाया**

प्रारंभिक प्रारूप में वर्ष **2021** के मास्टर प्लॉन के मान से ही **2035** के भी प्रविधान किए गए।

वर्ष 2021 में कुल निवेश क्षेत्र का क्षेत्रफल **10163** हेक्टेयर था, जिसे वर्ष 2035 में भी समान रखा गया है।

नगरीय क्षेत्र **2425.30**

ग्रामीण क्षेत्र **7738.40** हेक्टेयर था

ग्रामीण क्षेत्रों की संख्या **13** ही रखी गई है।

वर्ष 2035 के मान से **5** लाख की जनसंख्या का अनुमान रखा गया है



रतलाम शहर का विहंगम दृश्य। ● नईदुनिया

### रेलवे, ननि सहित अन्य विभागों से होगी चर्चा

कलेक्टर ने नगर तथा ग्राम निवेश के अधिकारी को निर्देश दिए कि रेलवे, उद्योग, नगर निगम, रतलाम विकास प्राधिकरण, हाउसिंग बोर्ड आदि विभागों के अधिकारियों से चर्चा की जाए। उनके मत तथा शहर हित में सुझाव लेकर ठोस ढंग से प्रारूप 2035 तैयार किया जाए।

इसके बाद शहर विधायक काश्यप तथा ग्रामीण विधायक मकवाना के साथ बैठक आयोजित कर अंतिम रूप दिया जाएगा। शहर विधायक काश्यप ने शहर तथा शहर के बाहर के हिस्सों में भूमि के उपयोग, सड़कों, बायपास, उद्यानों की स्थापना, आवासीय तथा व्यावसायिक भूमि उपयोग आदि बिंदुओं पर महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

### ग्रीन बेल्ट की जमीन पर ध्यान

नए मास्टर प्लान में ग्रीन बेल्ट की जमीन को लेकर विशेष ध्यान दिया जाएगा। वर्तमान में हनुमान ताल के पास की जमीन का उपयोग बदलने के लिए उपांतरण की कार्रवाई भी शुरू की गई थी, लेकिन नगर व ग्राम निवेश विभाग के मुख्यालय से सहमति नहीं दी गई। नए प्लान में ही संशोधन करने की तैयारी की गई थी।

### गड़बड़ी से अटक गई थी योजनाएं

वर्ष 2021 के प्लान में अल्कोहल प्लांट के लगून की जमीन पर पार्किंग दर्शा दी गई थी। इसके बाद जब 19 हेक्टेयर भूमि पर औद्योगिक इकाइयों की स्थापना की तैयारी की गई तो पार्किंग के प्रविधान से योजना अटक गई। इसमें सुधार कराने में ही करीब पांच साल लग गए। वर्तमान में नगर निगम द्वारा मिनी स्मार्ट सिटी योजना में करीब 25 करोड़ रुपये की लागत से सड़कों का निर्माण कराया जा रहा है। रतलाम विकास प्राधिकरण द्वारा धानासुता रोड, खाचरौद रोड, सालाखेड़ी के समीप, कनेरी रोड पर विकास योजनाओं के लिए पर्सपेक्टिव प्लान में जमीनें चिन्हित की है। इस वजह से इस बार सभी विभागों के समन्वय पर ध्यान दिया जा रहा है।

### जरूरी सुधार भेजेंगे

विकास योजना का प्रारूप तैयार करने से पहले विभागों की योजनाओं के मान से प्रविधान करने के लिए कहा गया है। मौके की स्थिति को समझने के बाद जो प्रारूप बनेगा, उसमें जरूरी सुधार के बाद शासन को भेजेंगे। – चैतन्य काश्यप, विधायक रतलाम शहर

# आम सहभागिता से पूरा होगा स्वच्छता का सपना

## स्वच्छता सर्वेक्षण-2021 के तहत नागरिक जागरुकता, कार्यक्रमों में ले रहे है बढ़चढ़ कर हिस्सा

रतलाम। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने एक बार कहा था, स्वच्छता आजादी से महत्वपूर्ण है। इस बात से स्वच्छता के महत्व को समझा जा सकता है। स्वच्छता का स्वास्थ्य से घनिष्ठ संबंध है। आरोग्य को नष्ट करने के जितने भी कारण है, उनमें गंदगी प्रमुख है। बीमारियां गंदगी में ही पलती हैं। जहां कूड़े-कचरे के ढेर जमा रहते हैं, मल-मूत्र सड़ता है, नालियों में कीचड़ भरी रहती है, सीलन और सडन बनी रहती है। मक्खियां एवं मच्छरों की वजह से तमाम बीमारियां बढ़ती हैं।



उन्हें मारने की दवाएं छिड़कना तब तक बेकार है, जब तक गंदगी को हटाया न जाए। शहर में समाज के जागरूक लोग आगे आएं और अपने आसपास रहने वालों को बताए कि उनके द्वारा की गई गंदगी किस तरह से पूरे गांव को प्रभावित करती है। व्यक्तिगत स्वच्छता से 80 फीसदी बीमारियों को दूर किया जा सकता है। रविवार को शहर के रोटरी गार्डन में स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के तहत स्वच्छता अभियान समिति अध्यक्ष श्री अनोखीलाल कटारिया ने अनेक गणमान्य नागरिकों को स्वच्छता का संकल्प दिलाया है। स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2021 के अंतर्गत निगमायुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा लगातार शहर के सभी क्षेत्रों को स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान नगर निगम द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत शहर में विशेष साफ-सफाई अभियान बड़े पैमाने पर चलाया जा रहा है। इसके साथ-साथ ही कचरा मुक्त स्थानों पर आकर्षक रंगोली और दीपदान के माध्यम से सफाई मित्र समूह के माध्यम से लोगों को जागरुक किया जा रहा है। रतलाम शहर के सैकड़ों स्थानों पर खुले में कचरा डालने वालों को रोकने के लिए नगर निगम की ओर से अनोखा प्रयोग किया और सैकड़ों स्थान कचरा मुक्त हुए और इन पर रंगोली के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है। इसके साथ ही उन सार्वजनिक स्थानों, बगीचों, खेल मैदानों आदि स्थानों पर भी स्वच्छता का संदेश दिया जाकर स्वच्छता की दौड़ में रतलाम को नम्बर-1 बनाने का आव्हान लोगों से किया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश व स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अपने कूड़ा केवल डोर टू डोर कूड़ा ढोने वाले वाहनों में ही डाले। खुले में कचरा डालने वालों पर नगर निगम द्वारा जुर्माने की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

**महारुद्र यज्ञ** • त्रिवेणी व बिबड़ौद तीर्थ में हो रहे हैं धार्मिक कार्यक्रम, जुट रहे हैं श्रद्धालु

# कोरोना का प्रभाव.... सालों बाद पहला मौका जब त्रिवेणी मेला नहीं लग रहा

भास्कर संवाददाता | रतलाम

12-1-2021

शहर के त्रिवेणी व बिबड़ौद स्थित प्राचीन तीर्थ में कोरोना महामारी के चलते इस मर्तबा मेला निरस्त कर दिया गया है लेकिन यहां हो रहे धार्मिक कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर धर्म का लाभ ले रहे हैं। प्रशासन द्वारा परमिशन नहीं मिलने के कारण मेला परिसर सुनसान पड़े हुए हैं।

त्रिवेणी तट पर पिछले 66 सालों से मेला लग रहा है। यहां 11 दिन तक मेला लगता है। जबकि बिबड़ौद का मेला पहले 9 दिन का लगता था लेकिन वर्तमान समय में 5 दिन तक धार्मिक कार्यक्रम होने के साथ ही मात्र एक दिन का मेला रह गया है। यहां लगने वाले मेले का कोई रिकॉर्ड नहीं है लेकिन यहां लगने वाला प्राचीन होकर सैलाना रियासत काल से चला आ रहा है। समय के साथ-साथ मेलों में परिवर्तन भी हुए हैं।

## 9 दिनों तक पूरे शहर की दुकानें बंद रहती थीं

श्री देवसूर तपागच्छ चारथुई श्री संघ व ऋषभदेव केसरीमल जैन श्वेतांबर पेढ़ी ट्रस्ट की संस्था श्री पार्श्वनाथ सेवा समिति द्वारा यहां धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। 8 से 13 जनवरी तक यहां प्रतिदिन धार्मिक आयोजन हो रहे हैं। तीर्थ प्रमुख अनोखीलाल छाजेड़ (80), ट्रस्ट सचिव दिनेश कुमट (67) ने बताया कि बिबड़ौद तीर्थ में सालों से मेला चला आ रहा है। पहले यह सैलाना रियासत में आता था। इसके बाद यह रतलाम में शामिल हुआ। यहां स्थित मूलनायक ऋषभदेव (केसरियानाथ) भगवान की प्रतिमा अति प्राचीन है। इस दौरान यहां मेला लगता था उस समय शहर की सभी दुकानें बंद रहती थीं। यहां तक की किसी का निधन भी हो जाता था उसके लिए कपड़ा भी लेने के लिए बिबड़ौद के मेले में जाना पड़ता था। पहले के समय में जाने का साधन नहीं था इसलिए अधिकांश बैलगाड़ी में जाते थे तभी से यहां बैलगाड़ी में जाने की परंपरा बन गई।

**66 सालों से लग रहा है मेला :** श्री सनातन धर्मसभा व महारुद्र यज्ञ समिति ने 66 साल पहले त्रिवेणी तट पर महारुद्र यज्ञ की शुरुआत की थी। कन्हैयालाल मौर्य ने बताया उस दौरान समिति के जो अध्यक्ष रहे उन्होंने यहां यज्ञ की शुरुआत की थी। तभीड़ी बेचने वालों ने दुकान लगाई थी और बीड़ी का बंडल खरीदने पर इनाम निकलता था। इनाम में साइकिल, रेडियो, बर्तन सहित अन्य सामान निकलते थे। इसके चलते यहां दुकानें लगने लगी थीं।

## महादेव की जलाधारी रथयात्रा आज निकलेगी



ऑक्सीजन मशीन का शुभारंभ करते हुए अतिथि व अन्य।


रतलाम | भजन गायक पंडित गोपाल शर्मा ने सुंदरकांड पाठ की प्रस्तुति दी। समिति अध्यक्ष कन्हैयालाल मौर्य ने बताया मंगलवार को दोपहर 3 बजे यज्ञशाला से महादेव की जलाधारी की रथयात्रा निकाली जाएगी। महिला मंडल अध्यक्ष राखी व्यास, संरक्षक ताराबेन सोनी, कोमलसिंह राठौर, समाजसेवी अनिल झालानी, रमेश व्यास, लालचंद टांक, गोपाल जवेरी, हरसहाय शर्मा, गोपाल घुंघरूवाल, नवनीत सोनी, प्रेमजी उपाध्याय, मनोहर पोरवाल, सत्यनारायण पालीवाल, बंशीलाल शर्मा, महेश बाहेती, नरेंद्र जोशी गुल्लु, पुष्पेंद्र जोशी, ब्रजेंद्र नंदन मेहता, बाबूलाल त्रिपाठी, रामचंद्र पण्ड्या मौजूद रहे।

# शहर के लिए सोमवार का दिन सबसे शुद्ध वायु वाला रहा

पत्रिका सोशल वैल्यू


पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com 12-1-2021

रतलाम. सर्दी बढ़ने के साथ ही शहर की आबोहवा भी अब बदलने लगी है। पिछले तीन वर्षों में जनवरी माह में तीसरी बार वायु की शुद्धता का सूचकांक 100 के नीचे है। सुबह से दोपहर तक यह सूचकांक 100 के नीचे एक्यूआई 99 पर बना रहा।




सोमवार का एयर इंडेक्स

केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध आंकड़ों में दीपावली के दौरान रतलाम शहर 24 से 30 अक्टूबर के मध्य के वायु प्रदूषण में तीसरा सर्वाधिक वायु प्रदूषित शहर था। रतलाम में इस




वर्ष 2020 जनवरी का एयर इंडेक्स

अवधि के दौरान एक्यूआई 121 से दर्ज होते हुए 25 अक्टूबर को एक्यूआई 169 तक पहुंच गया था। सोमवार को यह दोपहर तक 99 रहा व थोड़ा उपर जाकर 118 हुआ।

**2019 से 2021 तक का इस तरह रहा सफर-** इसी वर्ष 3 जनवरी को शहर का वायु प्रदूषण सूचकांक एक्यूआई 253 था, जबकि 8 जनवरी को 215 था। मात्र तीन दिन में बेहतर होकर 99 से 118 तक पहुंचा है। वर्ष 2020 जनवरी के पहले ही दिन एक्यूआई 255 तक यह चला गया था। बीते वर्ष 24 व 31 जनवरी को एक्यूआई सबसे बेहतर 88 तक रहा।

> सोमवार को रतलाम का एक्यूआई पूर्व के मुकाबले बेहतर हुआ है, यह जारी रहा तो आने वाले समय में आमजन का स्वास्थ्य भी बेहतर होना शुरू होगा। खराब हवा कई प्रकार की बीमारी देती है, जबकि शुद्ध हवा से सभी को लाभ होता है। - **सुनील कुमार मीणा**, वरिष्ठ वैज्ञानिक, मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल

## गंदगी फैलाने पर 12 व्यक्तियों पर जुर्माना

इन्दौर समा. 12-1-2021

रतलाम। नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरो से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नहीं डालते हुए यहां-वहां डालकर नगर को गंदा करते है ऐसे दुकानदार एवं नागरिकों को लगाम लगाने हेतु निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर घर व दुकानों पर जाकर गठित दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। नगर के ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर नगर को गंदा कर रहे है ऐसे व्यक्तियों पर लगाम लगाने हेतु नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सत्त निगरानी रखी जा रही है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार बादशाह स्टील, छावनीवाला, रमेश माणक चौक, राजू भुट्टा बाजार, जैन रेस्टोरेंट चौमुखी पुल पर 500-500, कन्हैया स्वीट्स चौमुखी पुल पर 300, महावीर स्वीट्स चौमुखी पुल, मूणत, मंगलम् स्टोर, गणेश स्टोर, माँ वैष्णवी माणक चौक पर 250-250 व ज्ञान सिंह महू रोड बस स्टैण्ड पर 50 रूपये का स्पॉट फाईन किया गया।

## गंदगी फैलाने पर 12 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरों से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नहीं डालते हुए यहां-वहां डालकर नगर को गंदा करते हैं, ऐसे 12 दुकानदार एवं नागरिकों पर नगर निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की गई।

स्वतंत्र दुनिया

12-1-2021

# सांसद–विधायक नहीं बन सकते प्रशासक

## अधिनियम में संशोधन से दे रहे अध्यक्ष–उपाध्यक्ष निर्वाचित होने की पात्रता

12-1-2021

भोपाल (नईदुनिया स्टेट ब्यूरो)। प्रदेश की राज्य स्तरीय सहकारी संस्थाओं में सांसद और विधायक अध्यक्ष तो बन सकते हैं पर प्रशासक नहीं। शिवराज सरकार ने सांसद और विधायकों को सहकारी संस्थाओं में समायोजित करने के लिए अधिनियम में अध्यादेश के माध्यम से संशोधन करने का निर्णय लिया है।

राज्यपाल आनंदी बेन पटेल की स्वीकृति के बाद अब अध्यादेश लागू करने के लिए अधिसूचना जारी होने वाली है। इसमें सांसद और विधायक को अध्यक्ष व उपाध्यक्ष निर्वाचित होने की पात्रता दी गई है। उधर, सरकार ने अधिकारियों को प्रशासक पद से हटाकर विभागीय मंत्रियों को पदस्थ किया है।

प्रदेश की चार हजार से ज्यादा सहकारी संस्थाओं में लगभग तीन साल से चुनाव नहीं हुए हैं। छह-छह माह करके निर्वाचित संचालक मंडल का कार्यकाल बढ़ाया गया और फिर संस्थाओं के कार्य संचालन के लिए प्रशासक नियुक्त किए गए। यह अवधि भी बीत चुकी है पर चुनाव अब तक नहीं हो पाए हैं और फिलहाल इसके जल्द होने के आसार भी नहीं हैं। वहीं, सरकार ने सहकारी अधिनियम में संशोधन करके सांसद-विधायकों को शीर्ष सहकारी संस्थाओं को अध्यक्ष-उपाध्यक्ष बनाने के लिए प्रविधान में संशोधन के लिए अध्यादेश का सहारा लिया है। राज्यपाल ने इसे स्वीकृति दे दी है। अब सहकारिता विभाग द्वारा अधिसूचना जारी होने के साथ ही यह लागू हो जाएगा। इसके बाद सांसद और विधायक सहकारी संस्था का चुनाव लड़ सकेंगे और अध्यक्ष या उपाध्यक्ष भी बन सकते हैं। वहीं, प्रशासक सांसद-विधायक तब तक नहीं बन पाएंगे, जब तक विभागीय मंत्री के ही प्रशासक होने के निर्णय में परिवर्तन नहीं कर देती है। सहकारिता विभाग के अधिकारियों का कहना है कि एक सप्ताह के भीतर अध्यादेश राजपत्र में प्रकाशित करके नये प्रविधानों को लागू कर दिया जाएगा।

# नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियों में जुटी भाजपा और कांग्रेस

भोपाल, (रासे)। प्रदेश में उपचुनाव के बाद अब एक बार फिर चुनावी माहौल तैयार हो गया है। भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दल आगामी नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियों में जुट गए हैं। निकाय चुनाव से पहले नगर सरकार में भाजपा को मजबूती देने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान कमान संभालेंगे। श्री चौहान 13 जनवरी से सभी 16 नगर निगम के दौरे करेंगे।

**शिवराज सिंह कल से करेंगे नगर निगमों का दौरा**

मुख्यमंत्री चौहान अपने दौरे के दौरान कई बड़ी घोषणाएं भी करेंगे। उन्होंने सभी निकायों को पिछले दिनों पांच वर्षीय रोडमैप बनाने के निर्देश दिए थे। नगर निगमों के दौरे के दौरान शिवराज सिंह पंचवर्षीय योजनाओं का प्रजेंटेशन देखेंगे और क्षेत्र का भ्रमण करेंगे। इस दौरान वे कई निर्माण कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास भी करेंगे। उप चुनाव में 19 सीटों पर जीत हासिल कर बहुमत के साथ सरकार चलने से भाजपा अब निश्चिंत हो गई है। भाजपा की नजर अब आगामी नगरीय निकाय चुनाव पर है। चुनाव मार्च तक टल चुके हैं। ऐसे में अब माहौल बनाने के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने मोर्चा संभाल लिया है। श्री चौहान 13 जनवरी को उज्जैन, 15 जनवरी को सागर व कटनी, 16 जनवरी सतना व सिंगरौली, 22 जनवरी को खंडवा व बुरहानपुर, 23 जनवरी को रीवा, 26 जनवरी को जबलपुर समेत अन्य जिलों के दौरे करेंगे।

राज एक्सप्रेस

12-1-2021

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार दै. अवन्तिका पृष्ठ 7 दिनांक 12-1 2021

# आम सहभागिता से पूरा होगा स्वच्छता का सपना

दैनिक अवन्तिका ▶▶ रतलाम

12-1-2021

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने एक बार कहा था, स्वच्छता आजादी से महत्वपूर्ण है। इस बात से स्वच्छता के महत्व को समझा जा सकता है। स्वच्छता का स्वास्थ्य से घनिष्ठ संबंध है। आरोग्य को नष्ट करने के जितने भी कारण हैं, उनमें गंदगी प्रमुख है। बीमारियां गंदगी में ही पलती हैं। जहां कूड़े-कचरे के ढेर जमा रहते हैं मल-मूत्र सड़ता है, नालियों में कीचड़ भरी रहती है, सीलन और सड़न बनी रहती है। मक्खियां एवं मच्छरों की वजह से



तमाम बीमारियां बढ़ती हैं। उन्हें मारने की दवाएं छिड़कना तब तक बेकार है, जब तक गंदगी को हटाया न जाए। शहर में समाज के जागरूक लोग आगे आएं और अपने आसपास रहने वालों को बताए कि उनके द्वारा की गई गंदगी किस तरह से पूरे गांव को प्रभावित करती है। व्यक्तिगत स्वच्छता से 80 फीसदी बीमारियों को दूर किया जा सकता है। रविवार को शहर के रोटरी गार्डन में स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के तहत स्वच्छता अभियान समिति अध्यक्ष श्री अनोखीलाल कटारिया ने अनेक गणमान्य नागरिकों को स्वच्छता का संकल्प दिलाया है।

स्वच्छ सर्वेक्षण, अभियान 2021 के अंतर्गत निगमायुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा लगातार शहर के सभी क्षेत्रों को स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान नगर निगम द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत शहर में विशेष साफ-सफाई अभियान बड़े पैमाने पर चलाया जा रहा है। इसके साथ-साथ ही कचरा मुक्त स्थानों पर आकर्षक रांगोली और दीपदान के माध्यम से सफाई मित्र समूह के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

रतलाम शहर के सैकड़ों स्थानों पर खुले में कचरा डालने वालों को रोकने के लिए नगर निगम की ओर से अनोखा प्रयोग किया और सैकड़ों स्थान कचरा मुक्त हुए और इन पर रांगोली के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है। इसके साथ ही उन सार्वजनिक स्थानों, बगीचों, खेल मैदानों आदि स्थानों पर भी स्वच्छता का संदेश दिया जाकर स्वच्छता की दौड़ में रतलाम को नम्बर-1 बनाने का आव्हान लोगों से किया जा रहा है।

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश व स्वास्थ्य अधिकारी ऐपी सिंह ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अपने कूड़ा केवल डोर टू डोर कूड़ा ढोने वाले वाहनों में ही डालें।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार [illegible] –पृष्ठ ..12.. दिनांक..1-2......2021

## नगर के विभिन्न स्थानों पर अलाव जलाये

रतलाम । सर्द रातों में नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा बाल चिकित्सालय, जिला चिकित्सालय, रैन बसेरा सिविक सेन्टर, पांजरा पोल, महू रोड बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, कालिका माता, नगर निगम फायर ब्रिगेड सहित नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं चौराहों पर गत रात्रि अलावा जलाये गये।



## जागरूकता फैलाने की जिनकी जिम्मेदारी वही कर रहे ऐसा व्यवहार

# कैसा महिला सम्मान: मानसिक कमजोर मां का आवास बनवाने भटक रही गर्भवती बेटी

पत्रिका एक्सक्लूसिव

### चक्कर काट दर्द से बिलख रही महिला

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com 1-2-2021

रतलाम. जिले में सोमवार से महिला सम्मान जागरूकता अभियान की शुरुआत कलेक्टर कार्यालय से की गई लेकिन हमारे यहां महिला का कितना सम्मान हो रहा है, इसका ताजा उदाहरण इसी कलेक्टर कार्यालय में नजर आया। यहां आई गर्भवती महिला अपनी माता के प्रधानमंत्री आवास के लिए बीते 6 माह से चक्कर काट रही है और उसकी सुनवाई न यहां हो रही है और न नगर निगम में जिसके चलते महिला पेट में अपने बच्चे को लिए अधिकारियों के दफ्तरों की ठोकरें खा रही है। लोगों कह रहे है कि किसी महिला का इससे बड़ा अपमान और क्या होगा। महिला सम्मान जागरूकता अभियान के तहत जिम्मेदार है कि सिर्फ सम्मान को लेकर शपथ दिलाने के साथ ही हस्ताक्षर अभियान चला रहे हैं लेकिन जब यह महिला नगर निगम में प्रधानमंत्री आवास की राशि की मांग को लेकर जाती है तो इसे भगा दिया जाता है और इसे अपमानित भी किया जाता है। यह बेगानापन शहर के सिलावटो का वास निवासी सुधा चौहान के साथ हुआ है। सुधा गर्भवती है और उसकी माता मधु चौहान मानसिक रूप से कमजोर है जिसके चलते अपनी मां के आवास को लेकर यह इस हाल में धक्के खा रही है और जिम्मेदार है कि इसे ठीक से जवाब तक नहीं दे रहे है।



महिला की परेशानी समझने के लिए मंगलवार को बुलाया है। उसके प्रकरण में क्या समस्या आ रही है, यह देखकर तत्काल निराकरण किया जाएगा। महिला के साथ किसने अभद्रता की है उस संबंध में जानकारी जुटाई जाएगी। **- सोमनाथ झारिया**, नगर निगम आयुक्त

### आंखों से छलकता दर्द

सुधा की माने तो करीब 1 वर्ष से नगर निगम के चक्कर काट रही है। बीते छह माह से सुधा कलेक्टर कार्यालय के चक्कर काट रही है लेकिन सुनवाई आज तक नहीं हो सकी है जिसके चलते उसकी आंखों से दर्द छलकने लगा है। गर्भवती महिला के कार्यालयों चक्कर काटने पर भी जिम्मेवारों का दिल नहीं पसीज रहा है।

### कभी कलेक्टर दफ्तर तो कभी निगम भेजा

सुधा की माने तो उसके आसपास वाले लोगों के खातों में राशि जमा हो चुकी है लेकिन उसकी माता के खाते में किस्त नहीं आई है। उसकी माता का पूरा मकान जर्जर हो चुका है और अब रहने लायक भी नहीं बचा। जब भी नगर निगम जाती है तो उसे राशि भोपाल से नहीं आने की बात कह कर कलेक्टर कार्यालय भेज दिया जाता है और कलेक्टर कार्यालय आने पर उसे मामला नगर निगम का होना बताकर वहां भेज दिया जाता है।

### अब तक डीपीआर में नहीं किया शामिल


महिला की शिकायत पर जब उक्त मामले की जांच की गई तो पता चला कि महिला द्वारा आवेदन तो किया गया है और उसका नाम भी प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों की सूची में है लेकिन उसका प्रकरण डीपीआर से नहीं जुड़ सका है जिसके चलते उसके बैंक खाते में किस्त की राशि जमा नहीं हो रही है। प्रकरण के डीपीआर में शामिल होने के बाद ही उसके खाते में राशि जमा हो सकेगी और यह काम नगर निगम द्वारा किया जाएगा।

# गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्कीकरण की दी समझाईश स्वच्छता के लिये नागरिक दे रहे हैं फीडबैक

रतलाम। निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया द्वारा दिये गये निर्देशानुसार नगर के समस्त घरों, दुकानों आदि से 100 प्रतिशत गीला एवं सूखा कचरा पृथक-पृथक संग्रहित किये जाने हेतु नगर निगम की सहयोगी संस्था टीम आस्था के सदस्यों द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर नागरिकों को स्वच्छता बनाये रखने गीला व सूखा कचरा पृथक-पृथक रखने की समझाईश दी जा रही है।

नगर निगम की सहयोगी संस्था टीम डिवाईन के सदस्यों द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर नागरिकों को गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्कीकरण हेतु घरों एवं दुकानों में पृथक-पृथक कचरा पात्र रखकर पृथक-पृथक कचरा एकत्रिकरण व गीले एवं सूखे कचरे को निगम के कचरा संग्रहण वाहन के पृथक-पृथक भागों में डालने की समझाईश दी साथ ही नागरिकों से स्वच्छता हेतु स्वच्छता एप पर सिटीजन फीडबैक लिया।

# विभागों के समन्वय, जनप्रतिनिधियों के सुझावों के आधार पर विकास योजना प्रारूप 2035 तैयार होगा




रतलाम। सोमवार को नगर तथा ग्राम निवेश विभाग द्वारा रतलाम विकास योजना प्रारूप 2035 को अंतिम रूप देने के लिए बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्णय

**▸ बैठक में प्रारूप को लेकर विचार-विमर्श**

लिया गया कि रतलाम शहर के सुनियोजित ढंग से विकास के संदर्भ में प्रारूप 2035 परफेक्ट तरीके से तैयार किया जाएगा। जनप्रतिनिधियों के सुझाव तथा संबंधित विभागों के समन्वय से विभिन्न बिंदुओं पर समुचित निर्णय लिए जाकर रतलाम विकास योजना प्रारूप 2035 तैयार किया जाएगा, उसके बाद शासन को प्रेषित करेंगे।

बैठक में शहर विधायक चैतन्य काश्यप, जावरा विधायक राजेंद्र पांडे, रतलाम ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना, कलेक्टर गोपालचंद्र डाड, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, अपर कलेक्टर जमुना भिड़े, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, एसडीएम अभिषेक गहलोत, नगर एवं ग्राम निवेश के संयुक्त संचालक उज्जैन तथा उज्जैन सहायक संचालक नगर एवं ग्राम निवेश जी.एल. वर्मा तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक के प्रारंभ में नगर एवं ग्राम निवेश विभाग द्वारा रतलाम विकास योजना प्रारूप 2035 का प्रजेंटेशन दिया गया। प्रारूप विभिन्न बिंदुओं में व्यापक विसंगतियों के दृष्टिगत जनप्रतिनिधियों द्वारा सिरे से खारिज कर दिया गया।

विधायकगणों द्वारा इस बात पर सख्त आपत्ति ली गई कि प्रारूप 2035 तैयार करने में जनप्रतिनिधियों से कोई सुझाव प्राप्त नहीं किए गए, उन्हें कोई जानकारी भी उपलब्ध नहीं कराई गई। जनप्रतिनिधियों का कहना था कि प्रारूप तैयार करने में विभिन्न संशोधनों, भूमि उपयोग, विभिन्न स्थापना आदि बिंदुओं पर जनप्रतिनिधियों को जानकारी नहीं दी गई, उनसे सुझाव नहीं लिए गए है। इसके साथ ही संबंधित विभागों के अधिकारियों से समन्वय स्थापित करके आवश्यक बिंदुओं का समावेश किया जाना होगा।

कलेक्टर श्री डाड ने नगर तथा ग्राम निवेश के अधिकारी को निर्देश दिए कि रेलवे से लेकर उद्योग, नगर निगम, रतलाम विकास प्राधिकरण, हाउसिंग बोर्ड आदि विभागों के अधिकारियों से चर्चा की जाए। उनके मत तथा शहर हित में सुझाव लेकर ठोस ढंग से प्रारूप 2035 तैयार किया जाए। इसके पश्चात शहर विधायक श्री काश्यप तथा ग्रामीण विधायक श्री मकवाना के साथ बैठक आयोजित कर अंतिम रूप दिया जाए। प्रारूप 2035 के संदर्भ में शहर विधायक श्री काश्यप ने बैठक में कई सुझाव प्रस्तुत किए। रतलाम शहर के हित में सुनियोजित ढंग से मास्टर प्लान तैयार की जाने के लिए श्री काश्यप द्वारा विस्तृत चर्चा की गई। शहर तथा शहर के बाहर के हिस्सों में भूमि के उपयोग, सड़कों, बाईपास, उद्यानों की स्थापना, आवासीय तथा व्यवसायिक भूमि उपयोग आदि बिंदुओं पर महत्वपूर्ण सुझाव उनके द्वारा दिए गए।

# गंदगी फैलाने वाले 13 लोगों पर जुर्माना

नई दुनिया 12-1-21

रतलाम। नगर निगम द्वारा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिकों व दुकानदारों पर जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। शहर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सतत नजर रखी जा रही है। इसके लिए पुलिस कंट्रोल रूम पर तीन पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार गंदगी फैलाने पर जैन अगरबत्ती दिलीप नगर पर 500, गुरबानी इलेक्ट्रॉनिक, दूरदर्शन इलेक्ट्रॉनिक नाहरपुरा पर 400-400, सोहेल फल मंडी, अशोक नाहरपुरा पर 300-300, सिद्धार्थ किराना, ताहेर किराना मिर्ची गली, मकबूल पटेल, मोहम्मद सलीम, शेरानी फ्रूट एजेंसी, आशिक भाई फल मंडी, श्री रेडियो, एटलस इलेक्ट्रॉनिक नाहरपुरा पर 250-250 रुपये का जुर्माना किया गया। जुर्माने की कार्रवाई प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, जोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत हाड़े, उप स्वच्छता निरीक्षक विनय चौहान आदि द्वारा की गई।